## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **11-06-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1- मारपीट कर गंभीर रुप से घायल करने जिससे व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की घटना में संलिप्त आरोपी को थाना मझोला पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत करना है कि दिनांक 08-06-2025 को वादी मौ0 आलम पुत्र मौ0 नूर निवासी नया गाँव थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के भाई के साथ गाली गलौज, मारपीट करने तथा मारपीट में वादी के भाई के आई चोटें के कारण दौराने ईलाज मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0- 532/2025 धारा 115(2),191(2), 352,105 भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 10-06-2025 को थाना मझोला पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1-मौ0 मुखत्यार पुत्र अनवार हुसैन निवासी वली नगर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद 2-मौ0 मुस्लिम पुत्र कल्लू निवासी वली नगर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1-मौ0 मुखत्यार पुत्र अनवार हुसैन निवासी वली नगर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद

2-मौ0 मुस्लिम पुत्र कल्लू निवासी वली नगर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** व0उ0नि0 श्री सतेन्द्र कुमार, का0 दिनेश कुमार,का0 नितिन कुमार,का0चा0 आशीष

**2- नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को थाना मूंढापाण्डे पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि दिनांक 08-05-2025 को वादी निवासी थाना मूंढापाण्डे क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना मूंढापाण्डे पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूंढापाण्डे पर मु0अ0सं0-175/2025 धारा-64/351(2) बी.एन.एस व 3/4 लैंगिक अपराधो से बालको का सरक्षण अधिनियम पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 11-06-2025 को थाना मूंढापाण्डे पुलिस द्वारा अभियुक्त उमर पुत्र मुनीम निवासी न्यामतपुर इकरोटिया थाना मुंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-** उमर पुत्र मुनीम निवासी न्यामतपुर इकरोटिया थाना मुंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** व0उ0नि0 सर्वेश कुमार, उ0नि0 श्री जयपाल सिहं, का0 अर्जुन

**3- अवैध तमंचा व चाकू के साथ आरोपियों को थाना मझोला पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि आज दिनांक 11-06-2025 को थाना मझोला पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1-हिमांशु शर्मा पुत्र पुरुषोत्तम शर्मा निवासी ढक्का थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा 315 बोर 2-राकेश कुमार पुत्र रमेशचंद्र निवासी कुंदनपुर लाइनपार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 943/2025 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1-हिमांशु शर्मा पुत्र पुरुषोत्तम शर्मा निवासी ढक्का थाना मझोला, मुरादाबाद

2-राकेश कुमार पुत्र रमेशचंद्र निवासी कुंदनपुर लाइनपार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

**बरामदगी का विवरणः-** एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक अवैध चाकू

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** उ0नि0 श्री प्रबोध कुमार, हे0का0 मोहित कुमार, का0 शिवम बरगोती, का0 रविन्द्र कुमार

**4-रुपये के लेन देन को लेकर मारपीट करने व गाली गलौज कर व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए उकसाने के आरोपी को थाना कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि वादिनी निवासी थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा रूपयों के लेने देने को लेकर वादिनी के पति को प्रताड़ित करने व आये दिन घर में घुसकर गाली गलौज करने जिससे वादिनी के पति द्वारा आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-528/2024 धारा-108/352/333 बीएनएस-2023 पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 10-06-2025 को अभियुक्त सतीश सिरोही पुत्र जगदीश निवासी ढकिया नरु थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-** सतीश सिरोही पुत्र जगदीश निवासी ढकिया नरु थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह, का0 अनुज कुमार, का0 रीतिक कुमार, का0 आकाश कुमार

**5-जान से मारने की नियत से हमला करने के आरोपी को थाना मूंढापाण्डे पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि दिनांक 11-06-2025 को वादी पप्पू सिंह पुत्र मित्रपाल सिंह निवासी ग्राम घोन्डा थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी व वादी के परिजन के साथ गाली गलौज व जान से मारने की नियत से हमला करने के संबंध में थाना मूंढापाण्डे पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूंढापाण्डे पर मु0अ0सं0-234/2025 धारा- 333, 191(2), 352, 109, 115(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 11-06-2025 को थाना मूंढापाण्डे पुलिस द्वारा अभियुक्त अंकित पुत्र खेमपाल निवासी ग्राम घोन्डा थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-** अंकित पुत्र खेमपाल निवासी ग्राम घोन्डा थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** उ0नि0 श्री रमेश सक्सैना, हे0का0 इम्तियाज अली, हे0का0 पप्पू

**6-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 39 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा **39 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना मुगलपुरा-01, थाना नागफनी-01, थाना कटघर-06, थाना सिविल लाईन्स-03, थाना मझोला-05, थाना भगतपुर-08, थाना बिलारी-10, थाना मैनाठेर- 04, थाना कुन्दरकी-01**